आरपीएससी के अधिकारी व कर्मचारी पेन डाउन हड़ताल पर

सामूहिक अवकाश की चेतावनी, रिक्त व नए पदों पर भर्ती की मांग

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। राजस्थान लोक सेवा आयोग में रिक्त व नए पदों पर कार्मिक की मांग को लेकर आयोग के कर्मचारी व अधिकारी दो दिवसीय पेन डाउन हड़ताल पर चले गए। गुरुवार से शुरू हुई पेन डाउन हड़ताल पर गए कार्मिकों ने कहा कि यदि उनकी मांग पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाया तो सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी व शासन प्रशासन की होगी। पेन डाउन हडताल के चलते आयोग में चल रहे इंटरव्यू, डीपीसी की बैठक, भर्ती संबंधित अभिस्तावन व रिजल्ट जारी करने सहित विभिन्न कार्य प्रभावित होंगे। आरपीएससी संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिवाकुमर शर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि आयोग में 98 नए व रिक्त पदों पर भर्ती की मांग को लेकर कार्मिकों द्वारा गुरुवार से दो दिवसीय पेन डाउन हड़ताल शुरू कर दी। इससे आयोग में चल रही विभिन्न भर्ती प्रक्रियाएं प्रभावित हो सकती हैं। हड़ताल के कारण इंटरव्यू, डीपीसी की बैठक, भर्ती संबंधी अभिस्तावन और

रिजल्ट जारी करने सहित अन्य प्रशासनिक कार्य बाधित हो गए हैं। कार्मिक 27 मार्च से लगातार आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं हुई। अब उन्होंने सोमवार से सामूहिक अवकाश पर जाने की चेतावनी दी है।

आयोग के कार्मिकों पर पड़ा काम का अतिरिक्त भार : समिति के अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि आयोग में वर्ष 2025 में 80 दिन के भीतर 158 परीक्षाएं आयोजित होनी हैं। इन परीक्षाओं में 38 लाख अभ्यर्थी पंजीकृत किए गए हैं। शर्मा का कहना है कि विगत वर्षों में करीब 15 से 18 लाख पंजीकृत अभ्यर्थियों की विभिन्न परीक्षाएं आयोजित करवाई। स्टाफ की कमी के चलते कार्मिकों ने भारी दबाव के बीच काम किया, लेकिन इस वर्ष आयोजित होने वाली परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की संख्या लगभग दुगुनी हो चुकी है। आयोग ने राज्य सरकार को पत्र भी लिखे, लेकिन कोई सकारात्मक जवाब नहीं आया है। जिसके चलते कर्मचारियों की संख्या कम होने से कार्यभार बढ़ गया है।

सामूहिक अवकाश की चेतावनी: समिति के पदाधिकारियों व प्रदर्शनकारी कार्मिकों का कहना रहा कि आयोग प्रशासन से कई बार पदों में वृद्धि की मांग की गई लेकिन आज तक सकारात्मक रुख नहीं अपनाया गया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि राज्य सरकार ने जल्द ही नई भर्ती के आदेश जारी नहीं किए तो कर्मचारी और अधिकारी सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि आयोग में इन दिनों राजनीतिक विज्ञान के साक्षात्कार कर चल रहे हैं, जिन्हें हड़ताल से दूर रखा गया है जो कार्मिक साक्षात्कार प्रक्रिया से जुड़े हैं, वे काम कर रहे हैं।

प्रभावित होंगी परीक्षाएं : प्रदर्शनकारी कार्मिकों का कहना रहा कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगी जिसके चलते आयोग में आगाम माह में होने वाली सहायक आचार्य कॉलेज शिक्षा परीक्षा 2023 के राजनीतिक विज्ञान के इंटरव्यू 24 मार्च से 9 अप्रैल तक चल रहे हैं।

आरएएस भर्ती परीक्षा 2023 के इंटरव्यू 21 अप्रैल से शुरू होंगे। कृषि अधिकारी परीक्षा 2024 का आयोजन 20 अप्रैल को होना है, जिसमें 52 पदों के लिए परीक्षा प्रभावित होगी।

1121 कन्याओं के चरण वंदन कर भोजन पैकेट किए वितरित

राजपूत छात्रावास मंदिर में की पूजा अर्चना

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। लायंस क्लब अजमेर प्रीमियम के तत्वावधान में गुरुवार को कुंदन नगर स्थित राजपूत छात्रावास मंदिर परिसर में 1121 कन्याओं को माताजी के स्वरूप चरण वंदन कर उनके भोजन की व्यवस्था की। शहर की विभिन्न स्कूलों, गरीब बस्तियों एवं अन्य जगहों पर संस्था के पदाधिकारीयों ने जाकर कन्याओं का पूजन करते हुए भोजन पैकेट वितरित किए। संस्था के अध्यक्ष अजय गोयल ने बताया कि संस्कार निर्माण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं का पूजन करते हुए उन्हें भोजन खिलाया साथ ही दक्षिणा भी भेंट की गई। इस अवसर पर राजपूत छात्रावास स्थित माताजी के मंदिर में भव्य आरती में संस्था के सभी पदाधिकारी, सदस्यों एवं उनके परिवारजन ने पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया।

गोयल ने बताया कि आरती के उपरांत शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित स्कूलों, कच्ची बस्तियों, अर्जुन लाल सेठी नगर, मंगलम पैलेस पेरिस परिसर के पास कच्ची बस्ती एवं अन्य जगह पर पैकेट वितरण करने के लिए सदस्यों को जिम्मेदारी सौंप गई। इससे पूर्व समारोह में उपस्थित वार्ड 57 के पार्षद रणजीत सिंह नरूका, राजपूत छात्रावास के उपाध्यक्ष महावीर सिंह गौड़, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी एवं तकनीकी अधिकारी विनीत लोहिया तथा प्रभा लोहिया का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। समारोह में विनोद गुप्ता, कमल शर्मा, स्नेह लता गुप्ता, वंदना गोयल, अजय अग्रवाल, आरपी गुप्ता, भगवती गुप्ता, अनिल उपाध्याय, डॉ.चेतना उपाध्याय, जेएल अग्रवाल सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक भदेल ने किया सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने गुरुवार को विधायक कोष से वार्ड संख्या 33 में रावतों की टेकरी चिश्ती नगर मसिजद के पास खानपुरा रोड सुभाष नगर में विधायक कोष से स्वीकृत 12 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

विधायक भदेल ने क्षेत्रवासियों से संवाद करते हुए कहा कि रावतों की टेकरी चिश्ती नगर मस्जिद के पास खानपुरा रोड काफी क्षतिग्रस्त हो चुका था, जिससे आमजन व वहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विधायक कोष से 12 लाख रुपए सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए स्वीकृत किए गए है। जल्द ही सड़क का निर्माण होने से आमजन को राहत मिलेगी। भदेल ने कहा कि भाजपा की सरकार में सभी रूके हुए विकाया कार्यों को पूर्ण करवाया जा रहा है। विकास के मार्ग में किसी बाधा को नहीं आने दिया जाएगा। हमारा वीजन स्पष्ट है कि कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्रवासी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

6 माह से उद्घाटन के इंतजार में आधुनिक जिम

मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़। शहर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में स्थित जिला खेलकूद विभाग कार्यालय परिसर में बने होल में स्थापित आधुनिक जिम पिछले 6 माह से उद्घाटन की बांट जो रही है। नगर परिषद द्वारा गत वित्तीय वर्ष में डीएमएफटी मद से 28 लाख से अधिक की राशि की स्वीकृति के अनुरूप संवेदक द्वारा आधुनिक जिम तैयार कर लिया गया लेकिन अब तक यह जिम उद्घाटन के अभाव में युवाओं के लिये अनुपयोगी बना हुआ है। इस आधुनिक जिम में निजी जिमों से कई अधिक सुविधाएं और उपकरण स्थापित किये गये है, जिससे स्टेडियम में स्वास्थ्य लाभ लेने वाले सभी आयु वर्ग के लोग निर्धारित न्यूनतम शुल्क के आधार पर इस जिमा का लाभ ले सकेंगे।

पीएमजी दक्षिण अजमेर कार्यालय के बाहर पेंशनर्स का प्रदर्शन

नारेबाजी कर देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। केंद्र सरकार द्वारा वित्त विधेयक 2025 के तहत पेंशन संशोधन कानून को अपनाने के फैसले के खिलाफ देशभर के पेंशनभोगियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। गुरुवार को पोस्टमास्टर जनरल अजमेर दक्षिण कार्यालय के बाहर केंद्रीय सरकार पेंशनर्स एसोसिएशन राजस्थान के बैनर तले प्रदर्शन किया। पेंशनभोगियों का कहना है कि यह विधेयक उनके अधिकारों का हनन करता है और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के खिलाफ है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बाबूलाल बारोलिया ने बताया कि इस वर्ष वित्त विधेयक 25 मार्च को लोकसभा में पारित किया गयाए पेंशनभोगियों को उनके सेवानिवृत्ति के आधार पर विभिन्न समूहों में वर्गीकृत करने की अनुमति देता है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के डीलकरा मामले के आदेश का उल्लंघन है, जिसमें कहा गया था कि कृत्रिम कट ऑफ तिथि के आधार पर पेंशनभोगियों को अलग-अलग समूहों में बांटना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा। बारोलिया ने बताया कि सदन में इस विधेयक का विपक्ष ने विरोध किया था। उन्होंने बताया कि 1972 से सत्यापन प्रक्रिया को संशोधित करने की कोई आवश्यकता नहीं थी और सरकार पेंशन व्यवस्था में अनावश्यक हस्तक्षेप कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि केंद्र सरकार ने अपना पक्ष नहींरखा तो जल्द देश व्यापी आंदोलन किया जाएगा। रेल्वे सिन्धू सभा के संरक्षक दयाल हरिसिंधानी, महासचिव रमेश लालवानी, गोरधन जशनानी, शंकर मीरानी, वासुदेव खुशलानी, तुल्सी खूबचन्दानी, लोकू निहालानी सहित अन्य ने पेन्शनर्स को भी पूर्व की भान्ति आठवें वेतन आयोग का लाभ देने के लिए सम्मलित करने की केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की है।

जिला कारागृह का किया निरीक्षण

मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र सिंह सिसोदिया के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव सुनील कुमार गोयल द्वारा गुरूवार को जिला कारागृह का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा रसोईघर, बैरक, शौचालय, स्नानागार का एवं महिला बन्दी वार्ड का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये गये तथा बंदियों की विधिक सहायता के लिए संचालित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक रजिस्टर की जांच की गई। प्राधिकरण सचिव द्वारा सभी बंदियों को जेल में संचालित विधिक सहायता क्लिनिक के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि यदि कोई वकील बंदी की तरफ से पैरवी नहीं कर रहा है अथवा उसे निःशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता है तो वह विधिक सहायता क्लिनिक के माध्यम से सहायता प्राप्त कर सकता है।

नए वक्फ एक्ट से भ्रष्टाचार पर लगेगा अंकुश वक्फ बोर्ड के कार्य में आएगी पारदर्शिता

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के शहर अध्यक्ष खान ने केंद्र सरकार का जताया आभार

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए वक्फ एक्ट बिल पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अजमेर शहर अध्यक्ष शफीक खान ने बिल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि संशोधित वक्फ बिल बदलाव और पारदर्शिता का प्रतीक होगा। बिल में संशोधन से वक्फ बोर्ड के कार्य में पारदर्शिता आएगी साथ ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा।

शफीक खान ने कहा कि वक्फ बोर्ड में जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है, उन्हीं को इस बिल से तकलीफ है, वही लोग आम मुसलमान को इस कानून

के खिलाफ डरा रहे थे, यह कानून आ जाएगा तो ऐसा हो जाएगा, मुसलमान की संपत्तियों पर कब्जा कर लिया जाएगा, जबकि यह कानून मुसलमान की भलाई के लिए ही और विकास के लिए ही लाया गया है। आम मुसलमान इसके पक्ष में है। उन्होंने कहा कि नए वक्फ एक्ट के आधार पर संपत्ति को ग़रीब मुसलमान की भलाई के लिए इस्तेमाल किया जाए।

गरीब मुसलमान को मिली राहत: खान ने कह आज़ादी के इतने साल बाद भी अतिक्रमणकारियों ने वक्फ बोर्डों की मिलीभगत से संपत्तियों को निजी इस्तेमाल में लिया, ग़रीब मुसलमानों का हक़ उनको दिलवाने के लिए केंद्र सरकार ये बिल लाई है, जिसका हम स्वागत करते हैं एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलात मंत्री किरेन रिजिजू सहित भाजपा की केंद्र सरकार का शुक्रिया अदा करते हैं। साथ ही सरकार से अपील करते हैं कि जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है, सभी की जांच हो और दंडित किया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मुस्लिम समाज के लोगों के बीच जाकर इस नए बिल कानून के फायदे एवं मुस्लिम समाज के विकास कैसे होगा उसके लिए जागरूक किया जाएगा, साथ ही जो लोग या पार्टी मुस्लिम समाज को डरा कर या बरगला कर गलत बातें इस बिल कानून के बारे में प्रचार करी है उनसे अवगत कराएगा एवं आम मुसलमान को इस बिल से आने से फायदा और विकास की जानकारी भी दी जाएगी।

अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी का ग्रामीणों ने किया सम्मान

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी को इंडियन डेयरी एसोसिएशन फैलोशिप अवार्ड मिलने पर गुरुवार को ग्राम तिबारा पंचायत समिति मसूदा मगरा क्षेत्र पहुंचने पर ग्रामीणों ने कार्यक्रम जोरदार स्वागत व सम्मानित किया।

अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचंद्र चौधरी को नेशनल अवार्ड इंडियन डेयरी एसोसिएशन फैलोशिप अवार्ड मिलने पर ग्राम तिबारा मगरा क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा गुरुवार को भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर रामचन्द्र चौधरी ने सभा को सम्बोधित कहा कि मगरे के ग्रामीणजन पथर तोड़ने का व्यवसाय एवं छोटी जोत कि खेती के अतिरिक्त पशुपालन के व्यवसाय पर जोर देवे। उन्होंने कहा कि अजमेर डेयरी द्वारा वर्तमान में दुग्ध का खरीद मूल्य देश में सर्वाधिक दिया जा रहा है, इतना ही नहीं अजमेर डेयरी का आधुनिक प्लांट भी देश में सर्वोच्च स्थान पर है।

फार्मर रजिस्ट्री में राजस्थान अग्रणी : मीणा

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमन्त मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में फार्मर रजिस्ट्री में पीएम किसान के 81 प्रतिशत पात्र लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन कर

राजस्थान ने देश में सर्वोच्च स्थान पर है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके सफल प्रयासों का ही परिणाम है कि फार्मर रजिस्ट्री में प्रदेश के 73 लाख से अधिक किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को योजनाबद्ध रूप से कार्य कर फार्मर रजिस्ट्री के शत प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिए। मीणा शासन सचिवालय में वीसी के माध्यम से राजस्व तथा उपनिवेशन विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण: बैठक में उन्होंने अधिकारियों को सीमाज्ञान, आपसी सहमति से बंटवारा, भूरूपांतरण के लंबित प्रकरणों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। राजस्व मंत्री ने कहा कि राजस्व से संबंधित लंबित प्रकरणों का व्यवस्थित और समयबद्ध निस्तारण कर अधिकारी जीरो पेंडेंसी पर कार्य करना सुनिश्चित करें। बैठक में मीणा ने राजस्व मंडल एवं अधीनस्थ राजस्व न्यायालयों, संभागीय आयुक्त न्यायालयों, जिला कलक्टर न्यायालयों के लंबित वादों की स्थिति की भी समीक्षा की।

बजट घोषणाओं का शीघ्र हो क्रियान्वयन: राजस्व मंत्री ने कहा कि राइजिंग राजस्थान में किए गए एमओयू प्रदेश के विकास की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने समस्त जिला कलेक्टर्स को राजनिवेश पोर्टल के माध्यम से राइजिंग राजस्थान के भूआवंटन, नामांतरण दर्ज करने, संपरिवर्तन आदि प्रकरणों की जांच कर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में राजस्व मंडल अध्यक्ष हेमन्त कुमार गेरा ने मंडल द्वारा किए गए नवाचारों की जानकारी देते हुए बताया कि राजस्व मंडल में प्रतिदिन 15 सबसे पुराने मामलों की सुनवाई अनिवार्य की गई है। उन्होंने बताया कि न्यायिक कार्य के लिए दो पारियों की शुरुआत की गई है, इससे राजस्व न्यायालयों की कार्यकुशलता तथा राजस्व प्रकरणों के निस्तारण प्रतिशत में सकारात्मक वृद्धि हुई है। बैठक में समस्त संभागीय आयुक्त,जिला कलक्टर्स एवं आयुक्त, उपनिवेशन वीसी के माध्यम से तथा निबंधक राजस्व मंडल महावीर प्रसाद, भूप्रबन्ध आयुक्त सहित वरिष्ठ अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

चेटीचंड पखवाड़े में अमरापुर सेवा घर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर

स्वामी हिरदाराम की प्रेरणा से मानव सेवा ही माधव सेवाः किशनानी

मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर। पूज्य झूलेलाल जयंती समारोह समिति की ओर से आयोजित चेटीचंड पखवाड़े के 14वें दिन गुरुवार को ताराचंद हुंदलदास खानचंदानी सेवा संस्था श्री अमरापुर सेवा घर प्रगति नगर कोटड़ा की ओर से निःशुल्क चिकित्सा शिविर में आश्रम के आवासियों सहित 100 से अधिक मरीजों का प्रशिक्षित चिकित्सकों की टीम ने परामर्श, जांचें व दवाईयां वितरित की गई। अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशननी ने बताया कि संस्था पिछले लगातार सेवा के कार्य कर है, स्वामी हिरदाराम की प्रेरणा से मानव सेवा ही माधव सेवा है के उद्देश्य को लेकर सामाजिक सरोकार के कार्य निरंतर करती आ रही है। शिविर का आवासियों के साथ शहरवासियों ने लाभ उठाया है। संयोजक व ट्रस्टी डॉ. भरत छबलानी ने बताया कि मेडिकल चेकअप कैम्प में संस्था द्वारा चेटीचंड के उपलक्ष में पूरे शहर के नागरिकों के लिए शिविर लगाया गया है। शिविर में डॉ. अनुराग तिवारी सीनियर गैस्ट्रोलॉजी, ओम प्रकाश ईनानी सर्जन, डॉ. दिलीप नागरवाल सहायक आचार्य न्यूरोलॉजी विभाग, डॉ गोविंद

सिंह कटिहार, डॉ अजय महावर मेडिसिन, डॉ हिम्मत सिंह, डॉ जयप्रकाश केवलानी रेसपैटरी मेडिसिन, डॉ. मनोहर गुरनानी एमडी शिशु रोग, डॉ. दीपक मंघनानी एमसीएच यूरोलॉजी, डॉ. भाविका मोरियानी फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ. माया गुरनानी स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. भूमिका भम्भानी होम्योपैथिक फिजिशियन, डॉ. नमन गर्ग स्पीच थैरेपिस्ट, डॉ. श्रेया श्रीवास्तव कान नाक व गला सर्जन, डॉ. राजेंद्र हेड़ा ऑर्थोपेडिक कंसलटेंट, डॉ. सुरेश जय सिंघानी फिजिशियन, डॉ. संदीप रावत जेएलएन कार्डियोलॉजिस्ट ने परामर्श दिया व वहीं नर्सिंग ऑफिसर, लैब टैक्नीशियन, उच्छब लाल चौधरी, मनीष मीणा, मोहित चौहान, मनस्वी दाधीच, अंबिकेश दाधीच, गौरव वैष्णव, सनोज धाकड़, शोभित खींची, अमन सिंह, जितेंद्र कुमार वशिष्ठ, नगेंद्र सिंह, मोहम्मद फरमान ने सभी मरीजों की जांच की। डॉक्टर्स को अजमेर के इतिहास पर रचित पुस्तक अजमेर एट ए ग्लांस भेंट कर अभिनंदन किया। शंकर बदलानी ने संचालन, धन्यवाद गिरधर तेजवानी व परिचय रमेश टिलवाणी ने दिया। इस अवसर पर जीडी वरिंदानी, लाल नाथानी, चंद्र नोतानी, ईसर भम्भानी, प्रकाश जेठरा, जयप्रकाश मंघानी, भगवान साधवानी, शंकर बदलानी, नरेंद्र कलवानी, भगवान कलवानीए मुकेश आहुजा उपस्थित रहे।

बहिराणा व छेज का आयोजन: राष्ट्रीय जन सेवा समिति परिवार द्वारा आयोजित स्वामी टेऊराम मंदिर, माँ देवी मेंशन मीना मेंशन के पास अजयनगर में पखवाड़े के तहत चेटीचंड के उपलक्ष में धार्मिक आयोजन किया गया है। नानक गजवानी व मनोज झामनानी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार सायं अजयनगर मे चंद्र भगत एण्ड पार्टी द्वारा साईं झूलेलाल साहिब का बहिराणा साहिब व समिति के सदस्यों द्वारा छेज़ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत कंवलप्रकाश किशनानी व महेंद्र कुमार तीर्थणी, लाल नाथाणी द्वारा जोत जगाकर किया।

तीन दिन में 3662 किसानों की 302 क्विंटल से अधिक अफीम का हुआ तौल

मॉर्निंग न्यूज @ चित्तौड़गढ़। जिला मुख्यालय सहित निम्बाहेड़ा में तीन खण्डो में इन दिनों अफीम तौल का कार्य चल रहा है, जहां अफीम काश्तकारों का मेला लगा हुआ है। प्रथम तीन दिवस में तीनों खण्डो में 182 गावों के 3662 किसानों की 302 क्विंटल से अधिक अफीम का तौल हो चुका है, जिसे कंटेनरों के माध्यम से नीमच फैक्ट्री में भिजवा दिया गया है। केंद्रीय नार्कोटिक्स ब्यूरों के प्रथम खंड में तृतीय दिवस गुरूवार को 27 गांव के 486 किसानों की 40 क्विंटल 68 किलो 290 ग्राम अफीम का तौल किया गया, जबकि पिछले तीन दिनों में 73 गांव के 1140 किसानों की 95 क्विंटल 4 किलो 940 ग्राम अफीम का तौल किया जा चुका है। इसी प्रकार खण्ड द्वितीय में तृतीय दिवस 22 गांव के 638 किसानों की 53 क्विं 89 किलो अफीम का तौल किया गया।